# सांवरे आते रहा करो | by Anjali Dwivedi

भक्तों के घर भी सांवरे आते रहा करो
दर्शन के नैन बावरे दर्शन दिया करो

कुछ ना घटेगा आपका आकर तो देखिये
पलकें बिछायी राह में हमने तेरे लिए
खाली पड़ा है दिल मेरा इसमें आके रहो
दर्शन के नैन बावरे दर्शन दिया करो

कहते हैं प्रेम से प्रभु छिलके भी खा गए .........

सुदामा के तंदुलो में दखल ना थी प्रेम था
अरे मालिनी कुब्जा की कोई शकल ना थी प्रेम था
धन्य की पूजा में कोई अकल ना थी प्रेम था
बाई मीरा के कीर्तन में नक़ल ना थी प्रेम था

कहते हैं प्रेम से प्रभु छिलके भी खा गए
तंदुल सुदामा यार के गिरधर को भा गए
भीलनी के झूठे बेर प्रभु खाते रहा करो
दर्शन के नैन बावरे दर्शन दिया करो

भक्तों की शान आप हो भक्तों का मान हो
भक्तों की ज़िन्दगी तुम्ही तन मन हो प्राण हो
तेरे नाम की हमें प्रभु मस्ती दिया करो
दर्शन के नैन बावरे दर्शन दिया करो

माना तुम्हारे चाहने वाले अनेक हैं .........

कौन से हीरे जड़े थे नरसी की करताल में
अरे वन में जाकर था खाया द्रौपदी के थाल में
क्या समझ कर बंध गए वो नन्द के जंजाल में
क्या समझ कर लाया था निर्धन फटे हुए रूमाल में

माना तुम्हारे चाहने वाले अनेक हैं
उन पागलों की भीड़ में बिन्नू भी एक है
तेरी दया का पात्र हूँ मुझ पर दया करो
दर्शन के नैन बावरे दर्शन दिया करो

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%b0%e0%a4%b9%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a4%b0%e0%a5%8b-by-anjali-dwivedi/